दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549

: 09792987700

e-mail : dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः 07.04.2026

प्रकाशनार्थ

अभिनंदन एवं विदाई समारोह सम्पन्न, "आगमन एवं विगमन एक सेतु है"–प्रो. ओम प्रकाश सिंह

गोरखपुर, 07.04.2026। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा दिनांक 07 अप्रैल 2026 को परास्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के अभिनंदन एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य प्रो.(डॉ) ओम प्रकाश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि "आगमन एवं विगमन एक सेतु है", जो जीवन के विभिन्न पड़ावों को जोड़ते हुए हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया।

समाजशास्त्र की प्रभारी एवं महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की संयोजिका प्रो.अर्चना सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सतत प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास एवं निरंतर परिश्रम के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समारोह के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर मिस्टर फ्रेशर के रूप में प्रशांत मिश्रा एवं मिस फ्रेशर के रूप में सिमरन मोदनवाल को चुना गया। वहीं मिस्टर फेयरवेल का खिताब सत्यव्रत त्रिपाठी को तथा मिस फेयरवेल के रूप में वर्षा एवं रितिका यादव को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रो. परीक्षित सिंह, प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव, डॉ. राम प्रसाद यादव, डॉ. पीयूष सिंह, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. इंद्रेश पाण्डेय एवं डॉ. शाश्वत सिंह चंदेल की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा एवं गरिमा को और अधिक बढ़ाया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग के प्रभारी धीरज कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा। साथ ही विभाग के अन्य शिक्षक डॉ. शिव कुमार एवं डॉ. कामिनी सिंह की सक्रिय सहभागिता एवं मार्गदर्शन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंत में विभाग प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह भावुक विदाई और नई शुरुआत की प्रेरणा के साथ सम्पन्न हुआ।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, मीडिया एवं जनसम्पर्क